सांवरे देख मेरी हालत

ये भूखा खुद क्या खाएगा,
ये भूखा खुद क्या खाएगा,
किसी को क्या खिलाएगा,
सांवरे देख मेरी हालत,
तुझे भी रोना आएगा॥

मेरी तो किस्मत में कुछ भी,
लिखा ना लिखने वाले ने,
ये रोने वाला दुनिया में,
ये रोने वाला दुनिया में,
किसी को क्या हंसाएगा,
सांवरे देख मेरी हालत,
तुझे भी रोना आएगा॥

तमाशा बन गया मेरा,
की बाबा दुनिया मे आके,
भरा है दिल मे जिसके गम,
भरा है दिल मे जिसके गम,
वो कैसे मुस्कुराएगा,
सांवरे देख मेरी हालत,
तुझे भी रोना आएगा॥

तू मालिक है उजालों का,
सहारा गम के मारो का,
मुझे एक रोशनी दे दो,
मुझे एक रोशनी दे दो,
ये दीपक जग मगायेगा,
सांवरे देख मेरी हालत,
तुझे भी रोना आएगा॥

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/26396/title/sanwre-dekh-meri-halat

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |